दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, गुरुवार 08 जुलाई 2021 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-03, अंक- 278

## महत्वपूर्ण एवं खास

### हंदवाड़ा में सुरक्षाबलों को मिली बड़ी कामयाबी, हिजबुल का टॉप कमांडर मेहराजुद्दीन मुठभेड़ में ढेर

**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर में कुपवाड़ा जिला के हंदवाड़ा में सुरक्षा बलों ने आज हिजबुल मुजाहिदीन के शीर्ष कमांडर मेहराजुद्दीन हलवाई उर्फ उबैद को मुठभेड़ में मार गिराया। कश्मीर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक विजय कुमार ने मेहराजुद्दीन हलवाई उर्फ उबैद के मारे जाने को सुरक्षा बलों के लिए एक बड़ी कामयाबी बताया है। सेना की 32आरआर और सीआरपीएफ की 92 बीएन की संयुक्त टीम इलाके में संयुक्त ऑपरेशन चला रही है। खुफिया इनपुट्स के आधार पर सुरक्षाबलों को इलाके में आतंकियों के छिपे होने की जानकारी मिली थी, जिसके बाद सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम ने इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू किया। इलाके में छिपे हुए आतंकियों की तरफ से हुई गोलीबारी का सुरक्षाबलों ने मजबूती से जवाब दिया है। इस एनकाउंटर के दौरान सुरक्षाबलों को एक बड़ी कामयाभी हाथ लगी है। आईजीपी कश्मीर के मुताबिक इस मुठभेड़ में हिजबुल मुजाहिदीन के सबसे पुराने और शीर्ष कमांडरों में से एक मेहराजुद्दीन हलवाई उर्फ उबैद को ढेर किया गया है। वह कई आतंकी वारदातों में शामिल रहा है, यह एक बड़ी कामयाबी है।

### प्रधानमंत्री ने महान सिने अभिनेता दिलीप कुमार के निधन पर किया शोक व्यक्त

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महान सिने अभिनेता दिलीप कुमार जी के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि उनके दिवंगत हो जाने से हमारे सांस्कृतिक संसार को नुकसान पहुंचा है। अपने ट्वीट में प्रधानमंत्री ने कहा है, दिलीप कुमार जी को हमेशा सिने जगत के दिग्गज के रूप में याद किया जायेगा। उन्हें बेमिसाल प्रतिभा मिली थी, जिसने दर्शकों की कई पीढ़ियों को मंत्र-मुग्ध किया। उनके परिवार, मित्रों और असंख्य प्रशंसकों के प्रति मेरी संवेदनायें।

### जलस्तर बढ़ने से टिहरी झील से सटे गांवों में फिर दहशत का माहौल

**देहरादून (आरएनएस)।** टिहरी डैम की झील से सटे गांवों में इस बार फिर दहशत का माहौल बन गया है। बारिश के चलते झील का जलस्तर बढ़ने लगा है, तो गांवों में भूस्खलन और भूधंसाव की घटनाएं भी बढ़ रही हैं। लोग रात भर सो नहीं पा रहे हैं क्योंकि उनके मकान जर्जर और खतरनाक हो चुके हैं। 17 गांवों के 415 परिवार दहशत के साये में जीने को मजबूर हैं, लगातार अफसरों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन सालों से विस्थापन के नाम पर ग्रामीणों को सिर्फ आश्वासन ही मिल रहे हैं। हर साल टिहरी डैम की झील के पानी के उतार चढ़ाव के चलते झील के आसपास के गांवों में भूस्खलन और भूधंसाव लगातार बढ़ रहा है। इस साल फिर लगातार हो रही बारिश से टिहरी डैम की झील का जलस्तर 759। 95 मीटर पहुंच गया है, जिससे झील से सटे रामगांव, तिवाड़गांव, उप्पू, भटकंडा, सिराई में भूस्खलन और भूधंसाव हो रहा है। मकानों में दरारें आ गई हैं, तो कई मकान पूरी तरह से टूट चुके हैं। वहीं खेती योग्य भूमि में भी धंसाव के चलते लोग खेती छोड़ने पर मजबूर हैं। प्रभावित ग्रामीण हर साल मकानों की रिपेयरिंग करवाते हैं, लेकिन एक ही बारिश के बाद फिर वही हाल हो जाता है। कई मकानों में दरारें पड़ चुकी हैं, तो कई जगह फर्श उखड़ चुका है। कई मकान तो ऐसे हैं जो बल्लियों के सहारे टिके हुए हैं। इस पूरी तस्वीर का मतलब यही है कि कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोग कहते हैं कि बरसात में मकान गिरने की चिंता के कारण वो रात भर सो भी नहीं पाते। लोगों का कहना है कि कई बार डीएम से लेकर तमाम अफसरों को शिकायत की जा चुकी है। पुर्नवास निदेशक इवा आशीष श्रीवास्तव का कहना है कि ग्रामीणों को नुकसान से हुए भुगतान की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। श्रीवास्तव ने कहा कि संबंधित विभाग से स्वीकृति भी आ चुकी है और लोगों की ज़रूरत पूरी की जा रही है। वहीं आपदा प्रबंधन और पुर्नवास मंत्री धनसिंह रावत ने कहा कि जिस गांव को भी विस्थापन की ज़रूरत होगी, किया जाएगा। इस मामले में बजट की कोई दिक़्क़त नहीं है, जिस ज़िले से रिपोर्ट आएगी, वहां विस्थापन की कार्रवाई की जाएगी।

## देश में फिर बढ़ा कोरोना का असरः 24 घंटे में 43,733 नए मामले, 930 की मौत

**» सक्रीय मरीजों की संख्या भी घटकर पांच लाख से नीचे आई**



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश में कोरोना की रफ्तार लगातार कम हो रही थी, लेकिन पिछले 24 घंटों में आए 43,733 नए केस से इसका असर बढ़ता नजर आने लगा। वहीं कोरोना के कारण मौतों में भी इजाफा हुआ है यानि पिछले एक दिन में 930 लोगों ने अपनी जान गंवाई है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार देश में बीते 24 घंटे में देश में कोरोना वायरस के 43733 नए मामले सामने आए और 930 मरीजों ने अपनी जान गंवाई। देश में कोरोना के नए मामलों की रफ्तार लगातार 50,000 से कम बनी हुई है। बुधवार को बीते एक दिन में कोरोना के 43,733 नए मामले दर्ज किए गए हैं। इसके साथ ही देश में मौजूद कोरोना के कुल एक्टिव केसों की संख्या भी अब 4,59,920 ही रह गई है। यही नहीं रिकवरी रेट भी बढ़कर 97.18 पर्सेंट हो गया है। यदि देश में अब तक मिले कोरोना के कुल केसों से तुलना करें तो एक्टिव मामलों की संख्या डेढ़ फीसदी ही रह गई है। अब तक देश में 2.97 करोड़ लोग कोरोना को मात दे चुके हैं। वहीं बीते एक दिन में ही 47,240 लोगों ने कोरोना को हराकर वापसी की है। इसके साथ ही लगातार 55वें दिन कोरोना के नए मामलों के मुकाबले रिकवर होने वाले लोगों की संख्या अधिक रही है। रिकवरी रेट अब 97 पर्सेंट को पार करते हुए 97.18त्न रह गया है। इसके अलावा वीकली पॉजिटिविटी भी लगातार 5 फीसदी से कम बना हुआ है। फिलहाल यह 2.39 फीसदी ही है। वहीं डेली पॉजिटिविटी रेट 2.29त्न ही रह गया है। बीते 16 दिनों से लगातार यह दर 3 फीसदी से कम बनी हुई है। कोरोना के मामलों की रफ्तार थमने की बड़ी वजह तेजी से हो रहे टीकाकरण और दूसरी लहर के कमजोर पड़ने को माना जा रहा है।

**सभी राज्यों को जल्द मिलेंगे 12 करोड़ से अधिक टीके-** केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने सभी राज्यों / केंद्र शासित प्रदेशों को सूचित किया है कि उन्हें जुलाई 2021 के महीने में कोरोना वैक्सीन की 12 करोड़ से अधिक खुराक मिलेंगी। आज सुबह तक, सभी राज्यों / केंद्रशासित प्रदेशों को 2.19 करोड़ से अधिक खुराक की आपूर्ति की जा चुकी है।

**कोरोना संक्रमण से जून में हुई रिकॉर्ड मौतें-** कोरोना की दूसरी लहर के दौरान जून में रिकॉर्ड मौतें दर्ज की गई हैं। सरकारी आंकड़ों का विश्लेषण करने के बाद पता चला है कि अप्रैल-मई में जानलेवा डेल्टा वैरिएंट के साथ संक्रमण की रफ्तार तेज थी। इसी का नतीजा था कि स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह बेपटरी हो गई थी। हालांकि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने इस रिपोर्ट पर कुछ भी कहने से इनकार कर दिया है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, देश में 2.97 करोड़ लोग कोरोना की चपेट में आए और इसमें से 4,03,281 लोगों की मौत हो गई।

## नौ राज्यों में कोविड नियंत्रण उपायों को मजबूत किया जाएगा : सरकार

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि जिन नौ राज्यों में कोविड-19 मामलों में वृद्धि दर्ज की जा रही है, उनमें कोविड नियंत्रण उपायों को मजबूत किया जाएगा।

मंत्रालय ने राज्यों अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, केरल, मेघालय, नागालैंड, ओडिशा, त्रिपुरा और सिक्किम को लिखे एक पत्र में चिंता के क्षेत्रों पर प्रकाश डाला है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने इस बात पर जोर दिया कि वायरस के प्रसार को रोकने के लिए सामूहिक प्रयासों को मजबूत करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इन राज्यों को जांच और टीकाकरण, स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी ढांचे की योजना बनाना, कोविड-उपयुक्त व्यवहार का पालन करना और प्रभावी नैदानिक प्रबंधन आदि उपाय करने चाहिए। उन्होंने कहा कि अरुणाचल प्रदेश में यह चिंता का विषय है कि राज्य में साप्ताहिक संक्रमण दर 16.2 प्रतिशत (28 जून -चार जुलाई) है, जो लगातार चार सप्ताह से बढ़ रही है। भूषण ने कहा कि 25 जिलों में से उन्नीस में 10 प्रतिशत से अधिक संक्रमण दर दर्ज की जा रही हैं, जो चिंता का कारण है। राज्य में पिछले चार हफ्तों में दर्ज किए गए मामलों की संख्या में लगभग 12 प्रतिशत की वृद्धि दिखाई दी है। बारह जिलों में पिछले चार हफ्तों में नए मामलों की संख्या में वृद्धि हुई है।

चार जुलाई को समाप्त सप्ताह में चांगलांग, पूर्वी सियांग, लोहित, पापुम पारे, तवांग और ऊपरी सुबनसिरी जिलों में से प्रत्येक में 100 से अधिक नए मामले सामने आए। नामसाई जिले में मौतों की संख्या में वृद्धि हुई है। असम के मामले में उन्होंने कहा कि हालांकि राज्य में नए मामलों की संख्या में गिरावट देखी गई है, लेकिन इसके 33 जिलों में से चार में पिछले चार हफ्तों में आंकड़े में वृद्धि दिखाई दी है और चार जुलाई को समाप्त सप्ताह में 29 जिलों में 100 से अधिक नए मामले सामने आए हैं।

## सुप्रीम कोर्ट के सीआईसी में रिक्त पदों को भरने के दिए आदेश

**» उच्चतम न्यायालय ने केंद्र, राज्यों से अनुपालन रिपोर्ट देने को कहा**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** उच्चतम न्यायालय ने केंद्र तथा राज्यों को सूचना के अधिकार कानून (आरटीआई) के तहत एसआईसी की राज्य समितियों और सीआईसी में सूचना आयुक्त के पदों पर समय सीमा के तहत नियुक्तियां करने के 2019 के उसके आदेश के अनुपालन पर स्थिति रिपोर्ट देने के बुधवार को निर्देश दिए। न्यायमूर्ति एस अब्दुल नजीर और न्यायमूर्ति कृष्णा मुरारी की पीठ ने कहा कि केंद्र और राज्यों को केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) तथा राज्य सूचना आयोग (एसआईसी) में रिक्तियों की जानकारियां चार सप्ताह के भीतर देनी होगी तथा साथ ही इन पदों पर नियुक्तियों के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी भी देनी होगी। न्यायालय आरटीआई कार्यकर्ता अंजलि भारद्वाज की याचिका पर सुनवाई कर रहा था। इस याचिका में कानून के तहत सीआईसी तथा एसआईसी में नियुक्तियों पर 2019 के आदेश को लागू करने का अनुरोध किया गया है। भारद्वाज ने सरकारी प्राधिकारियों को उच्चतम न्यायालय के आदेश को लागू करने का निर्देश देने का अनुरोध भी किया। न्यायालय ने सरकार को एक निर्धारित समयसीमा के भीतर और पारदर्शी तरीके से सूचना आयुक्तों की नियुक्ति करने का आदेश दिया था।

## उत्तराखंड में सामने आ गया डेल्टा प्लस वेरिएंट का पहला मामला

**» छात्र में वायरस की पुष्टि के बाद हड़कंप**



**देहरादून (आरएनएस)।** दुनिया के कई देशों में समेत भारत में मिले कोरोना के डेल्टा प्लस वेरिएंट का पहला मामला प्रदेश में सामने आ गया है। ऊधमसिंह नगर जिले के दिनेशपुर में कुछ समय पहले आए बीटेक के एक छात्र की कोरोना टेस्ट रिपोर्ट पॉजिटिव आयी थी। जीनोम सिक्वेंसिंग के लिए रेंडम जांच के तहत भेजे गए पांच प्रतिशत नमूनों में उसका भी सैंपल शामिल था। मंगलवार रात को देहरादून से युवक के सैंपल की जीनोम सिक्वेंसिंग में डेल्टा प्लस वेरिएंट की मिलने की पुष्टि की गई। इससे बाद से ही ऊधमसिंह नगर जिले के स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मच गया। हालांकि यह युवक नौ जून को ही वापस लखनऊ लौट गया था। वहीं बुधवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने उसका स्थानीय एड्रेस ट्रेस कर उसके संपर्क में आए लोगों के सैंपल लिए हैं। शुरुआती तौर 25 सैंपल लिए गए हैं। समाचार लिखे जाने तक स्वास्थ्य विभाग की टीम की सैंपलिंग जारी थी। जानकारी के मुताबिक,

लखनऊ के बलरामपुर अस्पताल परिसर में रहने वाले युवक की मां नर्स है। वह मूल रूप से बलिया यूपी के रहने वाले हैं और उनके पिता वहीं खेती-बाड़ी करते हैं। युवक लखनऊ से बीटेक कर रहा है। दिनेशपुर में भी उनका एक मकान है। यहां उसकी दादी रहती हैं। परिजनों के मुताबिक, युवक लखनऊ से बीते 29 अप्रैल को दिनेशपुर आया था और यहां अपने चाचा-चाची के घर वार्ड नंबर तीन में आया था। इसके बाद वह अपनी दादी के घर बुखसौरा कालीनगर चला गया था। परिजनों के मुताबिक, बीती 20 मई को युवक को बुखार आया था। 24 मई को युवक की कोरोना टेस्ट की रिपोर्ट पॉजिटिव आयी थी। वहीं मंगलवार को देहरादून से स्वास्थ्य विभाग ने जिले के स्वास्थ्य विभाग को युवक के सैंपल की जीनोम सिक्वेंसिंग में कोरोना का डेल्टा प्लस वेरिएंट मिलने की जानकारी दी।

## ऑनलाईन सट्टा संचालित करते 14 अंतर्राज्यीय सटोरियों सहित कुल 18 सटोरिये गिरफ्तार

**» कार में घूम घूमकर विभिन्न एप, लिंग एप्लीकेशन के माध्यम से सट्टा-जुआ, क्रिकेट का करते थे संचालन**

**» आरोपियों के पास से 1 लाख 30 हजार रूपए नगदी, 4 लेपटॉप, 34 नग मोबाइल जब्त**

**रायपुर (आरएनएस)।** विभिन्न एप, लिंक एवं एप्लीकेशनों के माध्यमों से ऑन लाईन काटपत्ती, तीन पत्ती, क्रिकेट, हॉकी, फुटबॉल एवं अन्य स्पोटर्स व चुनाव एक्जिट पोल में करते थे सट्टा/जुआ का संचालन। सटोरिये सट्टा/जुआ संचालित करने हेतु थाना सिविल लाईन क्षेत्रांतर्गत तरूण नगर स्थित पॉश कालोनी में किराये में लेकर रखें है मकान।

सटोरिये चार पहिया वाहन में भी घुम-घुम कर करते थे सट्टा/जुआ का संचालन एवं रकम का चुकारा करते थे। सटोरियों का मुख्य सरगना विदेश में बैठकर करता है सट्टा-जुआ का संचालन। सटोरियों के द्वारा करोड़ों रूपए की प्रतिदिन सट्टा जुआ का होता था कारोबार।

पकड़े गये सटोरियों में से 14 सटोरिये बिहार के निवासी है। सटोरियों के कब्जे से 04 नग लैपटॉप, 34 नग मोबाईल फ ोन, विभिन्न इलेक्ट्रानिक डिवाईस, नगदी 1,30,000 रूपये एवं करोड़ो रूपये के सट्टा का हिसाब किया गया है जिसे पुलिस जप्त की है। घटना में प्रयुक्त चार पहिया क्रेटा वाहन क्रमांक सी जी/13/डब्ल्यू/9335 को भी जब्त किया गया है। आरोपियों के खिलाफ सायबर सेल व थाना तेलीबांधा की संयुक्त टीम कार्यवाही कर गिरफ्तार किया है। सटोरियों के विरूद्ध थाना तेलीबांधा में अपराध क्रमांक 252/21 धारा 4क जुआ एक्ट के तहत् अपराध पंजीबद्ध की गई है। सटोरियों के विरूद्ध पृथक से प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत् भी की गई कार्यवाही। सट्टा/क्रिकेट सट्टा/जुआ खिलाने/खेलने वालों के विरूद्ध रायपुर पुलिस का यह अभियान लगातार रहेगा जारी। रायपुर जिले में जुआ/सट्टा/क्रिकेट सट्टा पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने के लिए पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार यादव द्वारा रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को कार्य योजना तैयार कर इस पर अधिक से अधिक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। जिस पर समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने - अपने थाना क्षेत्र में मुखबीर लगाकर लगातार पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर जुआ एवं सट्टा खेलने/खिलाने वालों के संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है। इसी क्रम में मंगलवा को सूचना प्राप्त हुई कि व्यक्ति थाना तेलीबांधा क्षेत्र में चार पहिया वाहन में घुम - घुम कर सट्टा/जुआ का संचालन किया जा रहा है।

## नहीं रहे ट्रेजडी किंग दिलीप कुमार, मुंबई के अस्पताल में ली अंतिम सांस



**मुंबई (आरएनएस)।** दिग्गज अभिनेता दिलीप कुमार का निधन हो गया है। वह कुछ दिनों से मुंबई के हिंदुजा अस्पताल में भर्ती थे। यही पर उन्होंने आखिरी सांस ली। दिलीप साहब के साथ उनकी पत्नी और अभिनेत्री सायरा बानो उनकी आखिरी सांस तक साथ रहीं। सायरा दिलीप कुमार का खास ख्याल रख रही थीं और फैंस से लगातार दुआ करने की अपील भी कर रही थीं। सांस लेने में तकलीफ होने के बाद पिछले बुधवार को उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वह एक महीने में दूसरी बार अस्पताल में भर्ती हुए थे। दिलीप कुमार के निधन से फिल्म जगत समेत देशभर में शोक की लहर है। दिलीप कुमार को सबसे पहले 6 जून को अस्पताल लाया गया था और वह ऑक्सीजन सपोर्ट पर थे। अभिनेता के आधिकारिक ट्विटर अकाउंट से 6 जून को किए गए पोस्ट में कहा गया था, व्हॉट्सएप पर फॉरवर्ड किए जा रहे संदेशों पर विश्वास मत करें। साब स्थिर हैं।

## मोदी मंत्रिमंडल का हुआ विस्तारः राष्ट्रपति भवन में हुआ शपथग्रहण समारोह का आयोजन

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाले केन्द्रीय मंत्रिमंडल के पहले और बहुप्रतिक्षीत विस्तार तथा पुनर्गठन में आज 15 कैबिनेट और 28 राज्य मंत्रियों ने शपथ ली जिनमें सात महिलाएं शामिल हैं इसके पूर्व 12 वर्तमान मंत्रियों ने आज अपना इस्तीफा सौप दिया था, इसके साथ ही मोदी मंत्रिमंडल में मंत्रियों की संख्या अब 77 हो गई है। राष्ट्रपति भवन के दरबार हॉल में बुधवार शाम आयोजित एक समारोह में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने नए मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। समारोह में उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, अमित शाह, निर्मला सीतारमण, पीयूष गोयल, स्मृति ईरानी, निवर्तमान मंत्री रविशंकर प्रसाद एवं प्रकाश जावड़ेकर और चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत उपस्थित थे। सहयोगी दल जनता दल यू , अपना दल और लोकजन शक्ति पार्टी से अलग हुए गुट से एक- एक मंत्री ने शपथ ली। सात मौजूदा राज्य मंत्रियों को प्रोन्नत कर कैबिनेट मंत्री बनाया गया है जबकि छह कैबिनेट मंत्रियों , एक राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार तथा पांच राज्य मंत्रियों की छुट्टी की गई है। मंत्रिमंडल में 36 नए चेहरे शामिल किए गए हैं। कैबिनेट मंत्री के रूप में सर्वश्री नारायण राणे, सर्वानंद सोनोवाल, वीरेन्द्र कुमार, ज्योतिरादित्य सिंधिया, रामचंद्र प्रसाद सिंह, अश्विनी वैष्णव, पशुपति कुमार पारस, किरेन रिजीजू, राजकुमार सिंह, हरदीप सिंह पुरी, मनसुख मांडविया, भूपेन्द्र यादव, परषोत्तम रूपाला, जी किशन रेड्डी और अनुराग सिंह ठाकुर ने शपथ ली। सर्वश्री किरेन रिजीजू, राजकुमार सिंह, हरदीप सिंह पुरी, मनसुख मंडाविया, परषोत्तम रूपाला, जी किशन रेड्डी और अनुराग सिंह ठाकुर निवर्तमान मंत्रिपरिषद में राज्य मंत्री थे। कैबिनेट मंत्रियों में नारायण राणे, भूपेन्द्र यादव, वीरेन्द्र कुमार, रामचंद्र प्रसाद सिंह, अश्विनी वैश्वणव और पशुपति कुमार पारस नये हैं। राज्य मंत्री के रूप में शपथ लेने वालों में पंकज चौधरी, सुश्री अनुप्रिया पटेल, डॉ. सत्यपाल सिंह बघेल, राजीव चंद्रशेखर, सुश्री शोभा करंदलाजे, भानुप्रताप सिंह वर्मा, सुश्री दर्शना विक्रम जरदोश, सुश्री मीनाक्षी लेखी, सुश्री अन्नपूर्णा देवी, ए. नारायणस्वामी, कौशल किशोर, अजय भट्ट, बी, एल वर्मा, अजय कुमार, देवूसिंह चौहान, भगवंत खूबा, कपिल मोरेश्वर पाटिल, सुश्री प्रतिमा भौमिक, डॉ. सुभाष सरकार, डॉ. भगवत किशन राव कराड, डॉ. राजकुमार रंजन सिंह, डॉ. भारती प्रवीण पवार, श्री बिश्वेसर टूडू, शांतनु ठाकुर, डॉ. महेन्द्र भाई मुंजापारा, श्री जॉन बारला, डॉ. एल मुरुगन और श्री निशीथ प्रमाणिक शामिल हैं। मंत्रिपरिषद के पुनर्गठन से पहले सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री थावरचंद गहलोत, शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक, कानून, संचार, सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री रविशंकर प्रसाद, सूचना प्रसारण, वन पर्यावरण, भारी उद्योग मंत्री प्रकाश जावड़ेकर, श्रम और रोजगार मंत्री संतोष कुमार गंगवार, रसायन एवं उर्वरक मंत्री डी वी सदानंद गौड़ा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डा. हर्षवर्धन, महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री देबाश्री चौधरी, शिक्षा राज्य मंत्री संजय धोत्रे, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री प्रताप सारंगी, वन और पर्यावरण राज्य मंत्री बाबुल सुप्रियो, जल शक्ति राज्य मंत्री रतनलाल कटारिया शामिल हैं। श्री गहलोत ने कल कर्नाटक का राज्यपाल बनाये जाने की घोषणा के बाद त्यागपत्र दे दिया था। तीस मई 2019 को मोदी के मंत्रिमंडल में 57 मंत्री बनाए गए थे जिनमें 24 कैबिनेट, नौ स्वतंत्र प्रभार तथा 24 राज्यमंत्री शामिल थे, लेकिन शिवसेना और शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) से अलग होने के कारण अरविंद सावंत और श्रीमती हरसिमरत कौर बादल ने इस्तीफा दिया था। इसके साथ ही लोक जनशक्ति पार्टी के नेता रामविलास पासवान के निधन के कारण कैबिनेट मंत्रियों की संख्या 21 रह गयी थी। रेल राज्य मंत्री सुरेश अंगड़ी की गत वर्ष कोविड के कारण मृत्यु होने के कारण कुल मिलाकर 53 मंत्री रह गये थे।